तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 परमंत्री बनकर पहली बार पहुंचे लखन का ऊर्जाधानी में आतिशी स्वागत



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

20 -पद फायरमैन। 10 -पद सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिशियन, योग्यता - Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद 168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल: संपूर्ण छत्तीसगढ़

भर्ती-दिनांक 26 एवं 27.12.2023

पता: फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस: इंदिरा गांधी [illegible] मीडियम स्कूल सुपेला भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़

मोबाइल:-76972-12782

# ग्रामीण क्षेत्रों की कोटवारी जमीन के सर्वे की तैयारी, बिक्री के मामले आए थे सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों में कोटवारों को जीवन बसर के लिए दी गई सरकारी जमीनों की बिक्री के बढ़ते मामले को लेकर शासन स्तर से इसके सर्वे कराने की तैयारी की जा रही है ताकि यह सामने आ सके कि कितनी कोटवारी जमीनों की बिक्री हुई है। कोटवार संघ के जिला एवं प्रांतीय बैठक में भी यह मुद्दा उठा था और गुजारे के लिए दी गई जमीनों को वापस दिलाए जाने की मांग की गई थी।

कोटवारी जमीन के मामले जिला प्रशासन तक पहुंचे थे जिसमें पंचायतों में कोटवारों की जमीन बिक्री को लेकर शिकायतें शामिल थी। वहीं कुछ पटवारी हल्कों में कोटवारी जमीन को निजी बताए जाने के बाद बिक्री कर दिए जाने की भी शिकायतें आयी थी। कोटवार स्तर की प्रांत एवं जिला स्तर की बैठक में यह मुद्दा उठा था और शासन से यह मांग की गई थी कि जिन क्षेत्रों में कोटवारी जमीन की बिक्री हुई है उनको निरस्त कर वापस कोटवारों को दिया जाए। राज्य शासन के द्वारा 1 एकड़ प्रति कोटवार को जमीन आबंटित की गई थी किंतु अब यह आबंटन की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। पूर्व में जितनी जमीनें कोटवारों को दी गई थी उसके बाद नए सिरे से आबंटन नही किया गया है। जिले में तहसील व उपतहसील के विस्तार होने के बाद नए राजस्व निरीक्षक मंडल और पटवारी हल्के बनाए गए हैं जिनके अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों का सीमा निर्धारण किया गया है। नए तहसीलों के बनने के बाद उनके अधीन गांव में कोटवार तो हैं किंतु शासन द्वारा दी गई जमीनें नहीं हैं। ऐसी स्थिति नए तहसीलों के बनने के बाद सामने आयी है। ⏭ शेष पेज 3 पर

## जीवन बसर के लिए दी गई थी जमीन

**खास बातें**

- कोटवार संघ ने भी अपनी जिला स्तरीय बैठक में उठाया था मुद्दा
- संघ की जिला एवं प्रांतीय बैठक में जमीन वापस करने की मांग



### प्रधानमंत्री आवास की समस्या

कोटवार संघ ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास उनकी जमीन में बनाकर दिए जाने की मांग उठाई है किंतु जिन कोटवारों की जमीनें बिक गई हैं वह अपने पुराने पुस्तैनी मकान को ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया बनाने की मांग उठाई है। वहीं जिन कोटवारों के पास जमीनें हैं उन्हें उनकी जमीन में ही आवास देने की मांग की जा रही है। नए सिरे से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के पूर्व पंचायत से जारी होने वाली सूची में उनका नाम दर्ज करवाने की मांग संघ द्वारा की गई है।

**खबर संक्षेप**

### अधिग्रहित भूमि का नहीं मिला मुआवजा, आंदोलन की तैयारी

**कोरबा।** गुरसिया से जटगा मार्ग के लिए अधिग्रहित जमीन का किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। हालांकि पचरा से जटगा तक की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा किसानों को मिल चुका है लेकिन ग्राम सलिहाभाठा से गुरसिया तक के किसानों का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। लगभग 43 किसान ऐसे हैं जिन्हें जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। इनमें गुरसिया के 13, सलीहाभाठा 16 व दमाउकुंडा के 14 किसान शामिल है। विरेंद्र मरकाम ने जनपद कार्यकाल में किसानों की समस्या को गंभीरता से उठाया और वर्ष 2017- 18 में उक्त अधिग्रहित भूमि का मुआवजा के लिए अधिकारियों द्वारा मौका जांच, सामाजिक समाघात, दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।बताया जाता है कि गुरसिया से जटगा सडक़ को प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत बनाया गया है, जिसे बाद में लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया। वहीं विभाग द्वारा कुछ किसानों का मुआवजा प्रकरण बनाकर खानापूर्ति की गई लेकिन ऐसे किसान जो महज कृषि पर आश्रित हैं उन्हें अब तक मुआवजा नहीं दिया गया। किसानों का कहना है कि प्रशासन के अधिकारी किसानों की जमीन को अधिग्रहित करने के बाद शांत बैठे हैं। यदि प्रभावितों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है तो आंदोलन कर नेशनल हाइवे 130 पर चक्काजाम करन की चेतावनी किसानों ने दी है।

### अतिक्रमण कार्रवाई में भेदभाव का आरोप

**कोरबा।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध अतिक्रमण की शिकायत लगातार सामने आते ही रहती है। हालांकि कुछ मामलों पर निगम के द्वारा कार्यवाही भी की गई है। इसी तरह अतिक्रमण की शिकायत चेक पोस्ट निवासी एक महिला के द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर की गई है। लिखित शिकायत नगर पालिक निगम के कमिश्नर को लिखित में की गई है। महिला के मकान को नगर पालिका निगम के तोडू दस्ता के तत्कालीन प्रभारी के द्वारा ध्वस्त करने की बात उल्लेखित की गई है। अतिक्रमण हटाने के बाद नगर निगम के द्वारा उक्त स्थान को चिन्हांकन करते हुए पुनः अतिक्रमण नहीं करने की समझाइए दी गई थी।शिकायतकर्ता महिला की माने तो चेक पोस्ट स्थित एकता नगर के पास पूर्व में नगर निगम के द्वारा अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए चार-पांच मकान पर बुलडोजर चलाया गया था, लेकिन इस स्थान पर कुछ लोगों के द्वारा पुन निर्माण किया जा रहा है। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कैरियर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला एवं तहसीलदार महेश देव साहू उपस्थित रहे। क्रीडा महोत्सव विजय छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रमाण पत्र, पदक और ट्रॉफी के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम विद्यालय के ग्रुप डायरेक्टर प्रो.प्रदीप जैन, प्राचार्य श्रीमती किरण तिवारी एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में प्राचार्य ने सभी बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## जिस गौठान से शुरू हुई थी खरीदी, अब वहां हुई बंद

# गौठान में गोबर खरीदी पर लगा ग्रहण निगम से लेकर पंचायत तक खरीदी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामीण अंचलों में शुरू किए गए गौठानों में चुनाव के पूर्व से ही गोबर खरीदी पर ग्रहण लग गया है। कुल 250 से अधिक गौठान बनाए गए थे, जहां स्व सहायता समूहों के माध्यम से गोबर की खरीदी की जाती थी और खरीदी का भुगतान समूहों के खाते में जाता था। चुनाव आचार्य संहिता के पूर्व से खरीदी पर ग्रहण लग गया था। अब ये स्थिति है कि नगर निगम के गौठान से लेकर पंचायत स्तर तक के गौठानों में खरीदी नहीं हो रही है।

जिले में गौठान की शुरूआत विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत केराझरिया से हुई थी। योजना के शुभारंभ के बाद से पूर्व सरकार के दौरान खरीदी की योजना पर पूरा ध्यान फोकस किया गया था। इसके लिए ग्राम पंचायतों को जिम्मेदारी देते हुए बकायदा नोडल अधिकारी बनाकर स्व सहायता समूहों को खरीदी की जिम्मेदारी दी गई थी। प्रारंभ में गोबर खरीदी का रेट 2 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से रखा गया था। वर्तमान में एक वर्ष पूर्व ही 5 रूपये प्रति किलोग्राम किया गया था। महिला स्व सहायता के नाम से हो रही खरीदी में ग्राम के सरपंच और पंचायत सचिवों को खरीदी के लिए बनाई गई कमेटी में भी रखा गया था। जनपद स्तर से लेकर जिला पंचायत स्तर तक होने वाली बैठकों में गोबर खरीदी की रिपोर्ट ग्राम पंचायत के सचिव से मांगी जाती थी। गोबर खरीदी से कुछ महिला समूहों को अपने स्तर पर आय अर्जित की गई थी। खरीदी को लेकर जिला पंचायत स्तर से भी एक प्रकोष्ठ अलग से तैयार किया गया था। गोधन न्यास योजना के तहत नोडल अधिकारी जनपदवार खरीदी की मॉनिटरिंग करते थे। पूरे तामझाम के साथ शुरू की गई खरीदी पर ग्रहण लग चुका है। ग्रामीणों का रूझान अब गोबर बिक्री की ओर नहीं रहा। वहीं महिला स्व सहायता समूह भी इससे दूरी बना रहे हैं। जिस गौठान से खरीदी की शुरूआत हुई थी उस गौठान में खरीदी बंद हो गई है।

**खास बात**

- पाली ब्लाक के केराझरिया गौठान से हुई थी खरीदी की शुरुआत



फाइल फोटो

### अभी निर्देश नहीं आया

गोबर खरीदी बंद करने के संबंध में अभी कोई निर्देश नहीं आया है, इसलिए जैसी स्थिति पूर्व में थी वैसी ही अभी भी है। कुछ गौठानों में खरीदी हो रही है। ग्रामीण अंचलों से जानकारी आ भी रही है। कुछ गौठानों में भले ही बंद होगी, लेकिन जानकारी अभी नहीं है, जिले में 300 गौठान बने हैं।

-जीत सरकार,
गोधन न्यास योजना प्रभारी

### वन विभाग उद्यानिकी विभाग को खरीदने के दिए थे निर्देश

गोबर खरीदी के पूर्व सभी सरकारी विभागों को गौठानों में निर्मित गोबर खाद को खरीदने के निर्देश दिए गए थे। इनमें कृषि उद्यानिकी और वन विभाग प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन तीनों विभागों को जिला प्रशासन की ओर से अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के तहत किए जाने वाले पौधरोपण, सब्जी उत्पादन, नर्सरी में खाद के उपयोग के लिए बाहर से खाद की खरीदी पर रोक भी लगाई गई थी ताकि गौठान में खरीदे जाने वाले गोबर खाद की खपत विभागीय कार्यों में किया जा सके। शुरूआत में विभागों ने गोबर की खरीदी की और इसका शासकीय दर पर भुगतान भी महिला समूह को किया गया। इसके लिए शासकीय विभागों को गोबर खरीदी का लक्ष्य भी दिया गया।

### सहकारी समितियों में भी हो रही थी खरीदी

गोबर खरीदी में केवल महिला समूहों को नहीं अपितु धान खरीदने वाली सहकारी समितियों की भी सेवाएं ली गई थी। समिति प्रबंधकों को भी गोबर खरीदी का प्रभार दिया गया था। विक्रेता के साथ-साथ समिति के कर्मचारियों को भी समिति के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में जाकर खरीदी की जानकारी देने और लोगों को खरीदी से जोड़ने के लिए जागरूक करने की जिम्मेदारी थी दी गई थी।

# नए रैक और वैगन से होगी कोयला ढुलाई



रेलवे समपार फाटक पर लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएसपीएम प्रबंधन अपने 30 साल पुराने वैगन को बदलने की तैयारी में है। अभी 12 वैगन से कोयला संयंत्र तक पहुंच रहा है, इसे बढ़ाकर 26 वैगन करने की योजना है। अभी हर रैक से 600-700 टन कोयला पहुंचता है। यह बढक़र 1200 टन प्रति रैक तक हो जाएगा। नए रैक और वैगन बढ़ाने का फायदा आम लोगों को भी मिल सकता है।

**खास बातें**

- बार बार फाटक बंदी से मिलेगी निजात
- अभी 6 बार फाटक होता है बंद, नए रैक से सिर्फ 4 बार बंद होगा

दरअसल कम वैगन होने की वजह से 3 बार और पीक सीजन में 4 रैक कोयला पहुंचता है। वैगनों की क्षमता बढ़ने के बाद कम रैक की जरुरत पड़ेगी। इससे सीएसईबी फाटक 6 के बजाय 4 बार ही बंद होगा। बंद होने से पहले तक कोरबा ताप विद्युत गृह से कोयले की आपूर्ति मानिकपुर खदान से कंपनी के खुद के वैगन सिस्टम से होती रही है। इस संयंत्र के बंद होने से पहले 2007-08 में डीएसपीएम संयंत्र उत्पादन में आया। इसके बाद रेलवे स्टेशन के रेलवे एक्सचेंज यार्ड से डीएसपीएम संयंत्र तक कोयला की सप्लाई होती रही है। डीएसपीएम के नए वैगन के अलावा केटीपीएस के पुराने वैगन से कोयला पहुंचता है। उत्पादन कंपनी ने अब पुराने वैगन को बदलने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव के मुताबिक 24 से 26 वैगन के रैक खरीदे जाएंगे। प्रति रैक 1200 टन तक कोयला संयंत्र पहुंच सकेगा। रेलवे ने उत्पादन कंपनी को सचेत किया था कि रेलवे लाइन में दबाव बढ़ रहा है। इसे देखते हुए रेलवे लाइन को पहले से बेहतर किया गया है ताकि पीक सीजन में जब कोयले के लिए औसत से अधिक रैक चलते हैं तो दिक्कतें आ सकती थी। इसके अलावा वैक्यूम ब्रेक को हटाकर एयर ब्रेक लगाए जाएंगे। उत्पादन कंपनी ने ⏭ शेष पेज 3 पर

# अरहर को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हाथी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान व केंदई रेंज में हाथियों का आतंक खत्म नहीं हो रहा है। यहां बड़ी संख्या में विचरणरत हाथियों द्वारा उत्पात मचाकर ग्रामीणों के खेतों में लगे अरहर की फसल को तहस-नहस किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। कटघोरा वनमंडल में लगभग 50 हाथियों का झुण्ड दो अलग-अलग झुडों में घूम रहा है। एक झुण्ड में 32 की संख्या में हाथी हैं, जो डिविजन के पसान रेंज में सक्रिय हैं। हाथियों के इस झुण्ड द्वारा देवमट्टी के जंगल में डेरा जमाकर लगातार उत्पात मचाया जा रहा है। हाथियों का झुण्ड दिन में जंगल में विश्राम करता है और शाम होते ही खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर फसल को नुकसान पहुंचाता है। हाथियों ने बीती रात देवमट्टी तथा चिकनीपारा में उत्पात मचाते हुए लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामीणों के अरहर फसल को तहस-नहस कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर केंदई रेंज के बेलबंधा पहाड़ में भी हाथियों का झुण्ड विचरणरत है। इस झुण्ड ने भी फसलो को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों द्वारा हाथी समस्या के समाधान की मांग की जा रही है लेकिन अब तक न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और न ही वन विभाग द्वारा इसे गंभीरता से लिया जा रहा है।

# कोचुवेली व यशवंतपुर रहेगी रद्द, यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे ने नए साल में कोरबा से अप-डाउन की ओर चलने वाली कोचुवेली 2 दिन और यशवंतपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस को 4 दिन के लिए रद्द कर दिया है। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। यात्रियों ने पहले से ही टिकट आरक्षित करा लिया था। अब उन्हें सफर के लिए परेशान होना पड़ रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने सूचना किया। ट्रेन के रद्द होने की वजह दक्षिण मध्य रेलवे में तीसरी रेल लाइन के कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग के काम का हवाला दिया है। काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसनपार्थी पार्टी रोड स्टेशन और उप्पल स्टेशन के मध्य तीसरी रेल लाइन जोडऩे व नॉन इंटरलॉकिंग के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक की किया गया है। इसकी वजह से कोरबा से प्रारंभ होने वाली कोरबा कोचुवेली एक्सप्रेस ⏭ शेष पेज 3 पर



फाइल फोटो

### इन ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित


कोरबा कोचुवेली एक्सप्रेस 3 जनवरी को रद्द रहेगी।
कोचुवेली कोरबा एक्सप्रेस 1 जनवरी को रद्द रहेगी।
यशवंतपुर कोरबा एक्सप्रेस 9 व 14 जनवरी को रद्द रहेगी।
कोरबा यशवंतपुर एक्सप्रेस 11 व 14 जनवरी को रद्द रहेगी।

# कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से रहना होगा सावधान : केशरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के वायरल होने की आशंका बनी हुई है। कोरबा जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को सतर्क रहने के साथ ही पूर्व में बनाए गए कोविड गाइड लाइन का पालन करने कहा जा रहा है। बीमारी के लिए अनुकूल मौसम होने से लोगों सर्दी-जुकाम से बचने की सलाह दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एच.एन. केशरी ने बताया केरल के कुछ हिस्सों में कोरोना के मामले बढ़े हैं। हालांकि जिला स्तर में नए वेरिएंट की पहचान नहीं हुई है, लेकिन जिला स्तर पर सावधानी बरतने की जरूरत हैं। नए साल और त्यौहार को देखते हुए कोविड संक्रमण पर रोक लगाने के लिए मेडिकल अस्पताल और क्लीनिकल हेल्थ मरीजों की जांच की जाए। उन्होंने बताया कि नए वेरिएंट को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। कोविड के समय जिन संसाधन का उपयोग किया जा रहा था उन्हें फिर से तैयार किया जा रहा है। श्री केसरी ने कहा कि ठंड का असर बढ़ने से वर्तमान में वायरल होने की संभावना है, ऐसे में जिन लोगों को लंबे समय से सर्दी, खांसी है उन्हे आरटीपीसीआर जांच कराना उचित होगा ताकि सेंपल को को रायपुर भेजा जा सके। जहां सर्दी, खांसी के मामले अधिक हैं वहां विभागीय अमले को सर्विलेंस का काम करने कहा गया है। श्री केशरी ने बताया कि जिन्हें सर्दी, खांसी की समस्या है उन्हें स्वयं ही आइसोलेट हो जाना चाहिए। जितना अधिक आराम मिलेगा व्यक्ति उतना जल्दी स्वस्थ्य होता है। साथ ही लोगों को फिजिकल डिस्टेंसिंग और मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए। लोगों को मास्क लगाने व भीड़ से दूर रहने की सलाह भी दी जा रही है। नए साल में अनावश्यक भीड़ न बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।



डॉ केशरी

### वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**कोरबा।** रिच लुक प्रोगेसिव स्कूल शिवाजी नगर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता रजनीश देवांगन एवं विशेष अतिथि एडवोकेट मेंबर ऑफ स्टेट बार काउंसिल अशोक तिवारी, आरके श्रीवास्तव सर एवं पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव थे। स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता एवं स्कूल की प्राचार्य श्रीमती गीता गुप्ता ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई । स्कूल के छोटे बच्चों के द्वारा सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें छत्तीसगढ़ कि कला संस्कृति के वेशभूषा एवं परिधान की जानकारी देने के लिए उनके द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृति की प्रस्तुति दी गई। वार्षिक उत्सव को सफल बनाने के लिए रिच लुक प्रोग्रेसिव स्कूल जिसमें टीचर स्टाफ, मैनेजमेंट एवं अभिभावक गण सभी बधाई के पात्र हैं।

# मुरली होटल में कांग्रेसियों ने घुसकर संचालक को धमकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल के खिलाफ भाजपा की ओर से लाया गया प्रस्ताव गिर गया। नपा अध्यक्ष पद के लिए रतन मित्तल की जीत की खुशी जमकर मनाई गई हालांकि शाम होते ही कुछ कांग्रेसी नेता बेकाबू हो गए और उन्होंने धमकाने चमकाने के साथ ही सड़क पर दहशत मचाते हुए जमकर उत्पात मचाया।

कटघोरा बस स्टैंड के पास संचालित मुरली होटल के संचालक मुरली मनोहर भाजपा नेता है। उनकी माने तो शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे सुधीर मिश्रा, शिब्बू शर्मा, पीयुष जायसवाल, असफाक अली ये सभी होटल अंदर घुसकर काउंटर के पास आकर उनसे बोलने लगे कि नगर पालिका अध्यक्ष का अविश्वास प्रस्ताव लाये थे हम लोग जीत गये तुम लोग हार गए, फिर अश्लील गाली गलौच कर भय दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। होटल के सामने मुख्यमार्ग पर सभी स्टाफ दुकान मालिक एवं महिला कर्मचारियों को आपत्तिजनक अश्लील गालियाँ दी गई एवं दुकान बंद करा देने ग्राहकों के वाहन न खडा. करने की धमकी दी गई। उनके भाई शेखर साहू को भी जान से मार देने व देख लेने की धमकी दी गई। इतने में मन नहीं भरा तो उन्होंने मुख्य मार्ग को जाम कर एबुलेंस एवं यात्री वाहनों को रोक दिया, साथ ही ग्राहकों की गाड़ियों पर फटाखा जलाकर फेंका गया, जिससे लोगों में दहशत मचा रही। कटघोरा थाना घटनास्थल से एक किलोमीटर के दायरे में होने के बाद भी पुलिस आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखकर ⏭ शेष पेज 3 पर

**खबर संक्षेप**



## एसडीएम ने शाखा प्रबंधक केन्द्र प्रभारियों की ली बैठक

**पामगढ़।** एसडीएम आर.के. तंबोली ने शाखा प्रबंधक एवं खरीदी केन्द्र प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने लघु व सीमांत किसानों को टोकन जारी करने में प्राथमिक देने सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा सुशासन दिवस के अवसर लंबित प्रोत्साहन राशि वितरण करने निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार शनिवार 23 दिसंबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पामगढ़ आर. के. तंबोली की अध्यक्षता में शाखा प्रबंधक ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा पामगढ़ एवं समस्त धान ख़रीदी केंद्र की बैठक आहूत की गई। बैठक में एसडीएम श्री तंबोली ने टोकन जारी करने में लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने, बारदाना में स्टेंसिल लगाने एवं सुशासन दिवस के अवसर लंबित प्रोत्साहन राशि वितरण करने एवं कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## विज्ञान प्रदर्शनी में शापूमावि को मिला प्रथम स्थान



**बिर्रा।** संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी संकुल केंद्र बिर्रा में 21 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसमें संयुक्त रूप से बिर्रा, सिलादेही,डी. डी. एस. बिर्रा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें माध्यमिक विभाग में शा.पू.मा.विद्यालय बिर्रा को प्रथम स्थान मिला। विज्ञान प्रदर्शनी में कु.लक्ष्मी सैनी, कु.सीमा पटेल, कु.ज्योति पटेल कक्षा 8 वीं के द्वारा मनुष्य के उत्सर्जन तंत्र एवं गणित के मॉडल प्रस्तुत किया गया,जो अत्यंत ही आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक रहा। विद्यार्थियों के सहयोग में प्रधान पाठक संतोष कुमार यादव, संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन, शिक्षक तुलेश्वर देवांगन, रश्मि तिवारी, सरोजनी डडसेना, अगास राम कश्यप,घनश्याम देवांगन, नागेश देवांगन का विशेष योगदान रहा।

## ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल के आनंद मेले में बच्चों ने लगाए व्यंजन के स्टॉल



**तुस्मा।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से लगे ग्राम तुस्मा के ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल में आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला का बच्चों के साथ साथ उनके माता-पिता एवं स्कूल स्टॉफ आनंद उठाया। स्कूल प्रिंसिपल आशीष निशी पटेल ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के संबंध में जानकारी दी। आनंद मेला में बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन गुलगुला भजिया, गुपचुप, रसगुल्ला, चाऊमीन, मंचूरियन, समोसा, आलू गुंडा सहित अन्य खाने पीने की चीजों की स्टाल लगाकर बिक्री की गई। आनंद मेला को लेकर बच्चें सुबह से ही खाने पीने से सबंधित सामाग्री बनाने में जुट गए थे। आनंद मेला में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं बच्चों के माता-पिता भी शामिल हुए। बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक खाने की चीजे बनाया था, जो लोगों को काफी पसंद आया। स्कूल की प्रिंसिपल रोशनी आशीष पटेल, आशा नायर मैम,जयप्रकाश राही, स्नेहा केशरवानी, सविता प्रजापति,मेघा यादव, दीक्षा केशरवानी,रमा पटेल प्रियंका प्रजापति, प्रीती शर्मा, संगीता भारती, अनिता सोनवानी ललिता साहू, प्रियंका सोनी, दीक्षा सिंग, ज्योति नायर, ज्योति चौहान दीक्षा ठाकुर, प्राण नाथ निषाद, वृंदा साहू, विजय राही, नरेंद्र वर्मा एवं सभी स्कूल स्टॉफ मौजुद रहे।

## कलमी, पोता, केनापाली और धुरकोट में शिविर आज

**सक्ती।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 24 दिसम्बर को ग्राम पंचायत भवन कलमी, अटल चौक पोता, ग्राम पंचायत भवन केनापाली और शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला भवन धुरकोट में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम पंचायत भवन कलमी में सुबह 10 बजे से एवं अटल चौक पोता में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत डभरा के ग्राम पंचायत भवन केनापाली में सुबह 10 बजे से एवं शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला भवन धुरकोट कक्ष क्रमांक 2 में दोपहर 02 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने शिविर में शामिल होने वाले ग्रामों में मुनादी कराते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### खेलो इंडिया महिला किकबाक्सिंग लीग संपन्न

# जीत और हार दोनों का सम्मान करके सफलता प्राप्त करें : जितेंद्र



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।



प्रतिभागी छात्र को पुरस्कृत करते एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने किए गए अभिनव पहल खेलो इंडिया कार्यक्रम में अब किकबाक्सिंग खेल को भी शामिल कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसियेशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदिवान ने बताया कि वर्ष 2021 से किकबाक्सिंग खेल के राष्ट्रीय संघ वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन को युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता मिली।

पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए हार और जीत दोनो का सम्मान करते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त करने की बात कहकर उन्हें प्रोत्साहित किया। 18 दिसंबर को रेलवे बाक्सिंग स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया महिला किकबाक्सिंग लीग में जिले के सीएमए छग मार्शल आर्ट एवं किकबाक्सिंग एकेडमी के 20 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लेते हुए 13 स्वर्ण, 2 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 18 पदक अलग अलग आयु एवं वजन वर्ग में प्वाइंट फाइटिंग, किक लाइट, फुल कांटेक एवं लो किक इवेंट में जीते। विजेता, उपविजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक एसोसिशन के अध्यक्ष नौशाद खान, प्रदेश ताइक्वांडो संघ के सचिव अनिल द्विवेदी एवं प्रदेश किकबाक्सिंग संघ के संस्थापक तथा कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा मंचस्थ थे। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, ताइकवांडो संघ सचिव अनिल द्विवेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। तारकेश मिश्रा ने बताया कि विगत 15 वर्षों से जिले में किकबाक्सिंग खेल का अभ्यास कराया जा रहा है, गत 5 वर्षो से आधुनिकतम उपकरणों एवं प्रशिक्षको से सुसज्जित एकेडमी में भी खिलाड़ि तैयार किया जा रहा। जिले के खिलाड़ियों ने प्रदेश के साथ साथ आयरलैंड, साउथ कोरिया, रूस, टर्की, नेपाल आदि देशों में अपना प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## अग्रवाल सभा की संयुक्त बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में स्थानीय अग्रसेन भवन में बैठक संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संभागीय महासभा के द्वारा संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी एवं प्रति दो वर्षों में आयोजित होने वाले अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों के सम्बन्ध में परिचर्चा की गई एवं आह्वान किया गया कि 21 जनवरी को घोंघाबाबा मंदिर परिसर बिलासपुर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में विवाह योग्य युवक युवती के साथ साथ अग्रवाल सभा कटघोरा के पदाधिकारियों को भी उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान परिचर्चा में प्रमुख रूप से परिचय सम्मेलन आयोजन के अध्यक्ष नरेश सुल्तानिया, महासभा के सचिव दिलीप बिंदल, वरिष्ठ सदस्य इंद्रसेन अग्रवाल (रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर), अग्रवाल सभा छुरी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल तथा अग्रवाल सभा कटघोरा के संयोजक शंकर अग्रवाल, सह-संयोजक जीवन अग्रवाल अध्यक्ष पवन अग्रवाल, सचिव अजय गर्ग संचालक मंडल से चंद्रप्रकाश सिंघानिया, अशोक गोयल, मिडिया प्रभारी अजय धनोंदिया, दिनेश अग्रवाल (ढेलवाडीह), दिनेश गर्ग, अरविंद मित्तल, आशीष अग्रवाल एवं अग्रवाल युवा मण्डल के अध्यक्ष आयुष मित्तल सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकारिणी उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। प्रथम दिवसीय कार्यक्रम में प्री प्रायमरी व प्रायमरी तक के छात्र, छात्राओं के लिए आयोजित की गई थी। नन्हें मुन्नें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया उपस्थित थे। प्राचार्य श्रीमती शोमा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव से बच्चों में एक नई उर्जा का संचार होता है। वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मंच से करते हैं। श्री अग्रसेन शिक्षण समिति स्कूल के अध्यक्ष जयराम बंसल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने कहा कि बच्चों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। वे अपनी पढाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा इस दिन प्रदर्शित करते हैं। हर माता-पिता अपने बच्चों को आगे बढते हुए देखना चाहते हैं। द्वितीय दिवस में मिडिल एवं हाई हायर सेकेण्डरी तक छात्र, छात्राओं हेतु आयोजित था। जिसके मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज थे। उन्होंने कहा कि स्कूल हर साल नई उंचाइयों को छू रहा है। इस मौके पर शिव अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संजय बुधिया, भगवान दास अग्रवाल, प्राचार्य मनोज झा, छेदीलाल अग्रवाल, श्रीमती भगवती अग्रवाल, मुकेश गोयल, आशीष अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# कोल लिफ्टर्स को अब अपने तरीके से नहीं मिलेगा कोयला, बदले नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र की गेवरा माइंस में डीओ के संबंध में दिए जाने वाले कोयला को लेकर प्रबंधन ने बड़ा बदलाव कर दिया है। इस पर अमल शुरू हो गया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत कोल लिफ्टर्स को उनके नहीं बल्कि प्रबंधन के तरीके से कोयला प्राप्त होगा। इस बदलाव ने अनेक लोगों की दुकानदारी पर ग्रहण लगा दिया है।

बदली हुई व्यवस्था को लेकर बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से शिकायतें आ रही थी। इसमें कहा गया था कि गेवरा माइंस में डीओ से कोयला प्राप्त करने वाले लिफ्टर्स अलग-अलग जगह पर कोयला डंप कराने के लिए न केवल दबाव डालते थे बल्कि इसमें सफल भी हो रहे थे। इस कड़ी में उन्हें छटा हुआ कोयला उपलब्ध हो रहा था। जबकि नियमों के तहत ऐसा नहीं किया जा सकता। दावा किया जा रहा है कि प्रबंधन के कुछ लोगों सहित

**खास बात**

- एसईसीएल गेवरा माइंस में हो रही थी मनमानी

अन्य संबंधितों को खुश करने के साथ इस तरह की व्यवस्था बनाई जा रही थी। इस पूरे मामले में कोल लिफ्टर्स को काफी फायदे होते थे और वे अपनी सुविधा के अनुसार आगे कोयला देते हुए अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे थे। कुछ लोगों ने इस विषय को लेकर एसईसीएल के सीएमडी स्तर पर शिकायत की। आखिरकार इस पर संज्ञान तो होना ही था। मुख्यालय से होते हुए बात गेवरा क्षेत्र पहुंची। ऐसे में आगे की कार्यवाही करना मजबूर भी हो गया और जरूरी भी। बताया गया कि शिकायत का परीक्षण करने और मौके का मुआयना करने पर तथ्यों को सही पाया गया। उक्तानुसार आनन-फानन में लिफ्टर्स के लिए पहले से दी जा रही मनमानी सुविधाओं को बंद कर दिया गया। नवीन व्यवस्था के अंतर्गत अब दूसरों के कहने के मुताबिक अलग-अलग जगह पर कोयला की डंपिंग करने के बजाय इसके लिए फिक्स प्वाइंट बना दिया गया है और डीओ लगाने वालों को कहा गया है कि वे इसी जगह से कोयला प्राप्त करेंगे। यह काम कैसे करना है यह उनका विषय है। जानकारों ने बताया कि नई व्यवस्था प्रभावशील होने से अनेक नामचीन कारोबारियों की मोनोपल्ली पर अचानक ग्रहण सा लग गया है। इसके साथ ही कई प्रकार के इफेक्ट भी देखे जा रहे हैं। कोयलांचल में अब इस बात की चर्चा है कि कारण चाहे जो हो लेकिन प्रबंधन अपनी व्यवस्था के अनुसार कोयला आपूर्ति करने पर ध्यान देगा। किसी भी स्तर पर दबाव की राजनीति नहीं चलेगी। यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि व्यवस्था के बदलने से प्रबंधन के उन अफसरों की कमाई पर भी असर पड़ा है, जिन्हें लेकर कहा जाता रहा है कि मनमाने काम को करने के लिए उनके पास भी एक हिस्सा बराबर पहुंचता रहा।

## जोहिला क्षेत्र ने किया टॉपर्स का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्रीय महाप्रबंधक कैलाश चंद्र साहू, जोहिला क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पाली ब्लॉक उमरिया ज़िले में वर्ष 2022-23 में शासकीय विद्यालयों से दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने वाले 27 छात्र छात्राओं का सम्मान कन्या शिक्षा परिसर पाली में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक कैलाश चंद्र साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ 5000 प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की गयी एवं शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही उनके गुरुओं-शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रवीण कुमार स्टाफ ऑफिसर (सिविल )/नोडल ऑफिसर (सी एस आर , ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर , पाली , शासकीय स्कूल प्राचार्य, शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे ।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**कोरबा।** सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल कोरबा में 23वाँ दो दिवसीय वार्षिक उत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि वार्षिक उत्सव का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, कृष्णा कुमार सूर्यवंशी न्यायाधीश, अति.जिला सत्र न्यायालय प्रदीप कुमार साहू, अपर कलेक्टर कोरबा, विद्यालय के फाउंडर-चेयरमैन प्रमोद झा, डायरेक्टर प्रांजल झा, मैनेजर डॉ डीके आनंद, प्राचार्या श्रीमती लता नारायण पाटिल के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती लता नारायण पाटिल ने सभी अतिथियों का स्वागत अपने उद्बोधन से किया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों के स्वागत गीत एवं देवी नृत्य की प्रस्तुति के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती लता नारायण पाटिल ने सभी अतिथियों का स्वागत अपने उदबोधन से किया।

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधानसभा चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी अधिकारियों का मानदेय का भुगतान आज पर्यंत तक नहीं हुआ है। जबकि अन्य कई जिलों में निर्वाचन मानदेय का भुगतान हो गया है इस विषय को लेकर मनोज चौबे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर मानदेय का भुगतान को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसपर कलेक्टर ने निर्वाचन मानदेय राशि का भुगतान शीघ्र करने का आश्वासन संघ की पदाधिकारी को दिए। बैठक में प्रमुख रूप से आय व्यय की जानकारी, फरवरी माह तक सभी ब्लॉकों में बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार, नव वर्ष मिलन समारोह, कैलेंडर प्रकाशन, शिक्षकों की लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत कराने, ब्लॉक एवं जिला में नववर्ष मिलन समारोह तथा शिक्षक छात्र हित में कार्य करने वाले छः शिक्षकों को छग, टीचर्स एसोसिएशन के नए पदाधिकारी चुना गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक, प्रदीप जायसवाल, बुद्धेश्वर प्रसाद सोनवानी, ओम प्रकाश खांडे, सत्यप्रकाश खांडेकर, उपेंद्र राठौर, नागेंद्र मरावी, महेंद्र कुमार निषाद, खुलेश्वर लाल भारद्वाज, ललित पटेल, नंदकिशोर साहू, बसंत मिरी, मनीष जायसवाल, अरुण कुमार कुर्रे आदि शामिल हुए।

## कार्यकारिणी की हुई पहली बैठक, तहसील इकाइयों का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आईएनजेयू की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

शनिवार को इंडियन मीडिया जर्नलिस्ट्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक पंचवटी विश्राम गृह में आयोजित हुई। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित इंडियन मीडिया जर्नलिस्ट्स यूनियन के राज्य महासचिव (संगठन) नौशाद खान द्वारा जिला कार्यकारिणी की अधिकृत घोषणा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों का आपस में परिचय हुआ। श्री खान ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों के हित के लिए यूनियन छत्तीसगढ़ सहित देश के 23 राज्यों में कार्य कर रही है। बैठक में सदस्यता शुल्क, सदस्यता विस्तार, जिला कार्यकारिणी की बैठकों का निर्धारण, 27 दिसम्बर को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई है। तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा। पहले चरण में दर्री, कटघोरा, पाली, दीपका, हरदीबाजार, पसान, पोड़ी उपरोड़ा एवं करतला तहसील स्तर पर कार्यकारिणी बनाई जाएगी। इसके लिए जिला कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए गठन की टाइम लाइन तय की गई। जिला कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक की अध्यक्षता आईएमजेयू के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख ने की। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय क्षेत्रपाल, उपाध्यक्ष सुधीर राजपूत, रणविजय सिंह, कोषाध्यक्ष अब्दुल असलम, महासचिव (संगठन) कैलाश यादव, महासचिव अरविंद पांडेय, भगवती भंडारी, सचिव सुवेंदु शीट, नीलम दास पड़वार, लक्ष्मण महंत, जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेष अग्रवाल की उपस्थिति रही। बैठक में राजेश कुशवाहा की भी विशेष उपस्थिति रही।

## औचक पहुचे शिक्षा अधिकारी, उठाया वन भोज का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



वन भोज का नाम सुनते ही अलग तरह की मौज मस्ती और दिल खिल जाने वाली सुखद अहसास का सृजन अपने आप हो जाता है।और जब बात बच्चो की पिकनिक की हो तो मन को मनाना कौन चाहता है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कटघोरा आईपी कश्यप जब अधीनस्थ स्कूलों के अकादमिक अवलोकन हेतु प्रस्थान किए तो मा.शा. जेंजरा प्रांगण में नौनिहालों की हलचल दिखी। जब परिसर पहुँचे तो बच्चों एवम शिक्षकों की खुशी दोगुनी हो चली थी, शिक्षक परिवारअपने प्रिय अधिकारी को अपने बीच पाकर अभिवादन किया। शिक्षा अधिकारी श्री कश्यप ने बच्चों से खाद्य इन सामग्रियों के नाम, कलर, पैदा होने वाले मौसम के नाम मिट्टी की जानकारी खेत में बोने से लेकर घर तक पहुचने की सारी प्रक्रिया, उपयोग, महत्व व दाने-दाने की उपयोगिता पर सामान्य जानकारी व सवाल किए। बच्चों ने अधिकारी को संतुष्ट भी किया। बच्चों की विशेष मांग पर आज शाला परिवार ने स्कूल प्रांगण में ही वन भोज की व्यवस्था स्व सहायता समूह की मातृ-शक्तियों की थी। इस अवसर पर अंताक्षरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सबने आत्मीयता,भाई-चारे, सहयोग व समर्पण से भोजन मंत्र के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक कंचनलाल, शिक्षकों में रामलाल बंजारे शिक्षक अजय श्रीवास्तव, शिक्षिकाओं में श्रीमती स्वाति मिश्रा, श्रीमती सरिता गोयल स्व-सहायता समूह सफाई कर्मचारी के साथ ही शाला प्रबन्धन समिति के सदस्यों ने महती भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 नवम्बर निर्धारित की गई है।

### जिले में 25 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**जांजगीर-चांपा।** जिले के किसानों के बकाया धान बोनस की राशि के भुगतान की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में वर्ष 2014-15 में 53 हजार 106 और 2015-16 में 56 हजार 711 किसानों को धान बोनस राशि का पात्र किसानों को 25 दिसंबर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर वितरण किया जाएगा।

### विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से ली बैठक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस, दो वर्ष के बकाया धान बोनस राशि वितरण एवं कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कोविड-19 वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। कोरोना के संभावित लक्षण वाले लोगो के सैम्पल की जांच प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा संख्या में करने कहा। उन्होंने कोविड-19 के मामले में वृद्धि के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के परिपालन कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाये रखने सहित जुआ-सट्टा, अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम पोंच का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सावन दास महंत निवासी पोंच ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 5-6 नवंबर की रात्रि में मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस को चोर चोरी कर ले गया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुनिल कौशिक निवासी कोसमंदा चांपा को पकड़कर पुछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के मोटरसाइकिल को बरामद कर सुनिल कौशिक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया।

### आपसी रंजिश पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** आपसी रंजिश में जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियो को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोटमीसोनार निवासी प्रार्थी टेकराम शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आपसी रंजिश में रजनीकांत पाठक, रविकांत पाठक, प्रशांत पाठक एवं उसके अन्य साथियों के साथ बेल्ट और डंडा से मारपीट किया था। पुलिस ने आरोपी रजनीकांत पाठक 36 वर्ष, रविकांत पाठक 42 वर्ष और प्रशांत पाठक 18 वर्ष निवासी सीसीआई लाल चौक अकलतरा को भादंवि की धारा 147, 148, 307, 294, 506, 323 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

### नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से वसूले 19 हजार

**जांजगीर-चांपा ।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 58 वाहन चालकों से 19 हजार 3 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

## कोरबा-दर्री फोरलेन में बना गार्डन

# डीएमएफ से बना थीम बेस प्रोजेक्ट गार्डन हुआ बेजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


गार्डन का बदहाल प्रवेशद्वार।

डीएमएफ से बने कोरबा-दर्री फोरलेन सडक़ के साथ ही निर्माण एजेंसी नगर निगम ने कोहडिय़ा के पास थीम बेस प्रोजेक्ट पर गार्डन का निर्माण कराया था। गार्डन में स्वच्छता ग्रीनरी, क्लीनलेस, मोर-कोरबा का लाइटिंग डिस्प्ले बोर्ड, हिरण समेत अन्य वन्य प्राणियों की जीवंत मूर्तियां, रंग-बिरंगे फूलों के पौधे, मदार पारिजात के पेड़ लगाए थे। गार्डन में आर्कषक लाइट भी लगाई गई थी। बच्चों के खेलकूद के लिए चिल्ड्रन जोन समेत पाथवे, गार्डनिंग, ड्रिंकिंग वाटर आदि व्यवस्थाओं के साथ गार्डन को ऑक्सीजोन के रूप में विकसित किया था। फोरलेन के किनारे तिरंगा लाइटिंग होने से शाम होने के बाद राहगीरों का ध्यान बरबस ही आकर्षित होता था।

दर्री की ओर से शहर में प्रवेश करते ही खूबसूरत एहसास होता था। ज्यादातर लोग एक बार गार्डन में रुककर ही आगे जाते थे। 2 साल पहले पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने गार्डन का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया था, लेकिन देखरेख में लापरवाही के कारण अब गार्डन उजाड़ जैसा हो गया है। आकर्षण के लिए लगाए गए सभी लाइट, बोर्ड पार हो चुके हैं। मूर्तियां टूट गई है। अब गार्डन से बच्चे व परिवार दूर हो गए हैं। दूसरी ओर यह प्रेमी जोड़े का अड्डा बन गया है। फोरलेन किनारे बने गार्डन अब ऐसा दिखाई दे रहा है। गार्डन के रखरखाव में लापरवाही से बदहाली नगर निगम द्वारा सौंदर्यीकरण के नाम से गार्डन तो बना दिया जाता है, लेकिन बाद में रखरखाव में लापरवाही बरती जाती है। पूर्व में दर्री डेम के नीचे भवानी मंदिर के पास करोड़ों रुपए खर्च कर चिल्ड्रन पार्क बनाया था। मरम्मत पर ध्यान नहीं देने पर वह धीरे-धीरे उजाड़ हो गया। अब वहां चिल्ड्रन नहीं, बल्कि असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। फोरलेन किनारे थीम बेस प्रोजेक्ट पर बने गार्डन के रखरखाव में लापरवाही जारी रही तो आगे उसका हाल भी चिल्ड्रन पार्क जैसा हो जाएगा।


कार्यक्रम में शामिल सैंटा एवं बच्चे।

# इंडस पब्लिक स्कूल में आया सैंटा क्लॉस, बच्चों को दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ क्रिसमस का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम क्रिसमस के पावन अवसर पर परंपरानुसार केक काटकर सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी गई। बच्चों ने मनमोहक नृत्य एवं क्रिशमस गीतों की प्रस्तुति दी। छोटे बच्चों ने सैंटा का रूप धर माहौल को पूर्ण क्रिसमस मय बना दिया, ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो आईपीएस के आंगन में सैंटा अपने बाल रूप में आकर सभी को खुशियों की सौगात दे रहा है। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लास का मनमोहक रूप धारण कर सबको क्रिसमस की बधाइयां दी। सैंटा बने बच्चों ने अन्य विद्यार्थियों को चॉकलेट बांटकर क्रिसमस की खुशियां बांटी।

इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती स्वाति सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि क्रिसमस का त्यौहार प्रभु ईशा मसीह के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा श्री फैडरिक ने बताया कि निःस्वार्थ भाव से सेवा एवं सत्य के मार्ग पर सतत रूप चलना ही मानव का उद्देशय होना चाहिए। श्रीमती रुमकी हालदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि त्यौहार हमारे जीवन में खुशियों की लहर लेकर आते हैं। और वर्ष के अंत में जहाँ हम पुराने वर्ष को विदाई देते भाव-विभौर रहते है ऐसे में क्रिशमस हमारे चेहरे पर ताजगी व मुस्कान लाता है और वो उत्साह भरता है जिससे हम नये साल का स्वागत करते हैं।

प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि अनेकता में एकता यह हमारी विशेषता है। सभी त्यौहारों से हमें जो शिक्षा मिलती हैं, उसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हर त्यौहार हमें शत्रुनता व वैमनस्य को भूलाकर मित्रता एवं सत्यता का पाठ पढ़ाती है। हमें सच्चे दिल से हर त्यौहार को मनाना चाहिए उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में लाना चाहिए। संजय गुप्ता ने सभी को क्रिसमस एवं नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# जनसमस्याओं को लेकर 5 को भाकपा करेगी धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक में शामिल भाकपा पदाधिकारी।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद इकाई की एक आवश्यक बैठक सोनालिया ज्वैलर्स के पास स्थित रैन-बसेरा में आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विभिन्न समस्याओं सहित अनेक मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी कॉ. एमएल रजक ने की।

शुरूआती दौर में आयोजित इस बैठक में कोरबा विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को प्राप्त हुए मतों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा व समीक्षा की गई। चुनावी समीक्षा के दौरान पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में किए गए प्रचार के दौरान सामने आई दिक्कतों सहित कुछ अन्य मसलों को भी सामने रखते हुए 26 दिसंबर को पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसी तारतम्य में, 5 जनवरी 2024 को कोरबा के विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन करने सहित कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाने का भी सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। बैठक में कॉ. एनके दास, कॉ. केपी डडसेना, कॉ. राकेश शर्मा, कॉ. रामायण यादव, कॉ. राममूर्ति दुबे, कॉ. कमलेश चौहान, कॉ. सुनील सिंह, कॉ. विजयलक्ष्मी चौहान, कॉ. मीना यादव, कॉ. मोतीलाल, कॉ. सुग्रीव यति, कॉ. मनोज प्रजापति उपस्थित रहे।

# केवी एनटीपीसी में वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं।

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार साहू के निर्देशन में यह भव्य कार्यक्रम अम्बेडकर भवन, एनटीपीसी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधु एस. एचओपी एनटीपीसी लिमिटेड कोरबा व अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, विशिष्ट अतिथि प्रभात राम, वीएचओ (एचआर) एनटीपीसी, अतिथि केएन सिंह एजीएम, एनटीपीसी व नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, पवन मिश्रा एनटीपीसी व अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

समारोह का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना तथा मुख्य अतिथियों के हरित स्वागत के साथ हुआ। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के प्राचार्य एसके साहू ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इनमें स्वागत गान, अभिनय नृत्य, गुजराती नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य, फिट इंडिया डांस, समूह गान, सेमी क्लासिकल डांस, मूक अभिनय, तारे ज़मीं पर, ज्ञान की रोशनी, पंडवानी, नाटक, मराठी नृत्य, राउत नाचा, पंजाबी नृत्य आदि, जिसमें लगभग 250 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षक सुमित कुमार चौधरी व मुरली मनोहर देवांगन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि ने अपना संबोधन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने सभी का आभार ज्ञापित किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच संचालन शिक्षक राजेश कुमार देवांगन तथा श्रीमती अर्चना व छात्र प्रसंग शर्मा तथा निष्ठा वत्स्य द्वारा किया गया। कक्षा बारहवीं की छात्रा धृति ने कार्यक्रम के मध्य विभिन्न रोचक जानकारियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य शिक्षिका श्रीमती संगीता रानी दास, संगीत शिक्षक अशोक कुमार देवांगन, लखन राम, मनीष तिवारी व अन्य सभी शिक्षकों व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एनसीसी कैंप में बताया गया जंगल वन्य जीव संरक्षण का महत्व


कैंप में शामिल एनसीसी कैडेट्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीजी कॉलेज में एनसीसी कैंप लगाया गया हैं जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, कोरिया, सरगुजा, सूरजपुर एवं बिलासपुर जिलों से बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे हैं,एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर की आग्रह पर नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी ने कैंप में उपस्थित 350 से ज्यादा कैडेट्स, उनके पी आई के साथ जागरूकता कार्यक्रम किया। जिसका मुख्य उद्देश्य वनों एवं वन्यजीवों का संरक्षण व संवर्धन हैं।पी जी कॉलेज, कोरबा के ग्राउंड में लगे एनसीसी शिविर में सर्वप्रथम नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी का स्वागत किया है जिसके बाद बच्चों को जंगल संरक्षण के महत्व को बताया गया फिर वन्य जीव और सरीसृप हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उस विषय पर रोशनी डाली, जिस पर बच्चों ने एक एक कर कई सावल भी पूछा जिसका जवाब पाकर काफी उत्साहित हुए, नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी से एम सुरज ने बच्चों को बताया की साप आहार श्रृंखला का हिस्सा हैं और हमारे परिस्तिथिक तंत्र में अहम भूमिका निभाते हैं। इसीलिए इनको बचाना हमारी ज़िम्मेदारी हैं। उसके साथ ही जितेंद्र सारथी ने विषहीन और विषैले सांपो की पहचान करना बताया, साथ ही बताया साप काट लेने पर बिना देरी किए हस्पताल जाना हैं और अंत में मयंक बक्शी (बायोलॉजिस्ट) ने सर्प दंश के लक्षण को बताया साथ ही प्राथमिक उपचार भी बताए। सांपों के विषय में टीम ने बताया कोरबा जिला मध्य भारत में किंग कोबरा के लिए जाना जाता हैं और ऐसे दुर्लभ और विलुप्त प्रायः जीव को बचाना और संवर्धन करना अत्यधिक जरूरी हैं। बच्चों ने वादा किया की वे इनका संरक्षण करेंगे, इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे कैंप कैमेंडेड कर्नल पी चौधरी, कैंप कैंपटेन राजेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर डूमर सिंह, अनिता यादव, संजीव जायसवाल, नवीन कुमार, सुनील तिवारी, मनोज सिंह, शिवनारायण सिंह, एम खैरवार, मुकेश रावत,सौरव श्रीवास साथ ही बड़ी संख्या में बच्चें उपस्थित रहें।

# पढाई के साथ-साथ खेलकूद में भी निपुण होना जरूरीः धनोंदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण एवं बच्चे।

सीबीएसई त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में कक्षा प्ले ग्रुप से कक्षा दसवीं के विद्यार्थीयो के बीच वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर खेलकूद, डांस, कुर्सी दौड़, हडल रेस, कंगारू रेस, बाल कलेक्शन, बेलेंस द बाल मॉडल, नृत्य जैसे अलग-अलग आयोजन को प्रतिदिन सम्पादित किया जा रहा है। जिसमें आज लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के अध्यक्ष लायन अजय धनोंदिया के मुख्य आतिथ्य में बच्चों के द्वारा सुंदर सुंदर करीब 70 विज्ञान प्रदर्शनी के स्टाल लगाये गए सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा विधिवत रिबन काटते हुए माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल, श्रीमती मोना ठाकुर प्राचार्या ब्लाक बी, सुश्री दीपा चौहान प्राचार्य ब्लाक ए भी उपस्थित रही। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या ने बताया कि इस वर्ष दिसम्बर माह को स्कूल में कॉर्निवाल के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे प्रतिदिन बच्चो की प्रतिभा को देखते अलग अलग प्रतियोगिता आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री धनोंदिया ने कहा कि निश्चित ही स्कूल प्रबंधन के द्वारा जिस प्रकार से बच्चो को पढ़ाई के सांथ ही उन्हें नृत्य, खेलकूद, विज्ञान सम्बन्धी जानकारी दी जा रही है व प्रतिदिन जिस प्रकार से अलग अलग आयोजन किये जा रहे हैं निश्चित ही इससे बच्चो की प्रतिभा बाहर निकल कर आएगी आज जिस प्रकार से बच्चो के द्वारा एक से बढ़कर एक विज्ञान प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया है जो कि बच्चो की इस अदभुत हुनरता को प्रदर्शित करता है मैं इसके लिए पूरे शाला प्रबंधन को बधाई एव शुभकामनाएं देता हूं। बच्चों के पालकगण भी प्रतिदिन स्कूल में चल रहे आयोजन में अपनी उपस्थिति देकर बच्चो का हौसला बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं इस आयोजन में कक्षा प्ले ग्रुप से यूके के विद्यार्थियों ने हडल रेस,बेलेंस द बाल,बाल कलेक्शन, कंगारु रेस जबकि कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के द्वारा खो खो,कबड्डी,100 मीटर दौड़,गोला फेंक,रिले रेस,कुर्सी दौड़,जलेबी दौड़,स्लो साइकिल रेस,विज्ञान प्रदर्शनी इत्यादि खेलो में भाग लिया इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**खास बात**

- त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.**

संतोष दुबे आत्मज राजाराम दुबे,
निवासी विवेकानंद नगर मोपका,
तहसील व जिला
बिलासपुर छ.ग................पुनरीक्षणकर्ता

**विरुद्ध**

(1) इन्द्रदास बैरागी आत्मज रामशरण बैरानी,
निवासी क्वाटर नंबर बी-170 वार्ड नंबर 55 आदर्श नगर,
कुसमुण्डा परियोजना तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग.
(2) छत्तीसगढ़ शासन,
मार्फत जिलाध्यक्ष
बिलासपुर छ.ग.................उत्तरवादीगण

**रा.प्र.क्र.202208071800029/अ-12/2021-22**
**पेशी दिनॉक 15.01.2024**

उपरोक्त प्रकरण में पुनरीक्षणकर्ता संतोष दुबे आत्मज राजाराम दुबे निवासी विवेकानंद नगर मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 205/अ-12/2016-17 में पारित आदेश दिनॉक 22.04.2017 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 15.01.2024 को नियत है। अतः उत्तरवादीगण (1) इन्द्रदास बैरागी आत्मज रामशरण बैरानी निवासी क्वाटर नंबर बी-170 वार्ड नंबर 55 आदर्श नगर कुसमुण्डा परियोजना तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक-15.01.2024 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके खिलाफ प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 20.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**(आर.ए.कुरूवंशी)**
**अतिरिक्त कलेक्टर**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## पृष्ठ 1 का शेष

### ग्रामीण क्षेत्रों...

शहर से लगे हुए ग्रामों में कोटवारी जमीन बिकने के मामले बढ़े हैं इसके बाद से शासन स्तर से ऐसे क्षेत्रों में राजस्व रिकार्ड से कोटवारी जमीन का मिलान सर्वे करने की तैयारी चल रही है।

### नए रैक व वैगन से...

वैगन को बदलने के अलावा रैक के रिनोवेशन का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा है। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद उत्पादन कंपनी आगे की प्रक्रिया को शुरु करेगी।

### कोचुवेली व...

(22647) 3 जनवरी को और कोचुवेली कोरबा एक्सप्रेस (22648) 1 जनवरी को रद्द रहेगी। इसी तरह यशवंतपुर से प्रारंभ होने वाली यशवंतपुर कोरबा एक्सप्रेस (12251) 9 व 14 जनवरी को रद्द रहेगी। कोरबा यशवंतपुर एक्सप्रेस (12252) 11 जनवरी व 14 जनवरी को रद्द रहेगी।इसी तरह इस रूट होकर अप-डाउन की अन्य ट्रेनों को भी प्रभावित किया है। जबकि इस सीजन में अधिकांश लोगों की योजना बाहर घूमने जाने की है।

### मुरली होटल में....

उत्पात मचाने वाले वहां से भाग निकले। कटघोरा थाना में मुरली मनोहर की रिपोर्ट पर पुलिस ने सुधीर मिश्रा, शिब्बू शर्मा, पीयुष जायसवाल व असफाक अली पर अपराध कायम कर लिया गया है।

### प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरबा।** एसईसीएल डीएसबी उपक्षेत्र के द्वारा विगत दिनों अंतर उप क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कोरबा क्षेत्र की कुल 6 उपक्षेत्रों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें डीएसबी उप क्षेत्र की महिला व पुरुष टीम बनी ओवर आल चैंपियन डीसीबी उपक्षेत्र के अरुण मधुकर बने बेस्ट कैप्टन, यादराम बंजारे बने बेस्ट मेंबर और ग्रेसी तिवारी बनी बेस्ट कैप्टन इस कार्यक्रम का सफल आयोजन नवल किशोर राय, उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेश ढाबरिया खान प्रबंधक, बगदेवा, एसआर खूंटे, खान प्रबंधक सिंघली एवं केआर बिझेकर खान प्रबंधक ढेलवाडीह के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## खबर संक्षेप



### पीडब्ल्यूडी स्कूल के नेटबाल के खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**कोरबा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चार खिलाडियों का चयन हुआ है। कपिल साहू, हुन्, रुचि विश्वकर्मा सुरमि लाठिया, 14 वर्ष में एवं तुलसी भानिक पूरी 19 वर्ष नेट बाल दिल्ली में 3 से 10 जनवरी तक आयोजित है इनका कोचिंग कैंप 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक भाटापारा -बलौदा बाजार में होना है इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज प्राचार्य मानसाय लहरे नेट बाल कोच सी.के. पाण्डेय, शा.उ.मा.वि पीडब्ल्यूडी रामपुर के अध्यक्ष एवं पार्षद पालूराम साहू, सदस्य गोविद पार्षद अजय गोड़ रमेश वर्मा समस्त पीडब्ल्यूडी स्कूल के स्टाप एवं नेट बाल के खिलाड़ी खिलाड़ियों ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### कमलिनी एमजीएम स्कूल बालको में वार्षिकोत्सव



**कोरबा।** कमलिनी एमजीएम नर्सरी स्कूल के प्रांगण में 16वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता रेवरेंड फादर पॉल पी थॉमस द्वारा की गई, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निकेत श्रीवास्तव (जनरल मैनेजर एसबीयू पॉट लाइन-2 वेदांता), विशिष्ट अतिथि कैलाश पवार (प्राचार्य डीपीएस बालको) साथ ही हिरामनी शर्मा (टाउनशिप हेड बालको) तथा विशेष अतिथि के रूप में रेवरेंड फादर सीजो रॉबर्ट (प्राचार्य सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल गेवरा कोरबा) उपस्थित थे। स्कूल के प्राचार्य रेवरेंट फादर जेफिन वर्गीस के निर्देशन में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसका विषय रिश्ते था, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। 3 से 5 साल तक के नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रकृति, पर्यावरण, दोस्ती, माता-पिता भाई-बहन इंसान के लगभग सभी रिश्तों पर बड़े ही मनोहरी नृत्यों का प्रदर्शन कर अतिथियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सफलतापूर्वक कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

### ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

**कोरबा।** तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक बालको प्लांट के निजी कंपनी में काम करता था। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की रात भैसमा के समीप बाइक सवार समीर कुमार 26 वर्ष अपने एक रिश्तेदार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर वापस लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई और इसकी सूचना 112 और उरगा थाना पुलिस को दी गई है। अस्पताल में डॉक्टर ने भी जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई प्रकाश कुमार ने बताया कि समीर बालको प्लांट के निजी कंपनी में काम करता था। समीर दो भाइयों में से घर का इकलौता कमाने वाला था। बेटे की मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर हादसे की जानकारी ली। शव को पोस्टमॉटर्म के लिए भेजा गया। घटना के बाद ट्रेलर वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

### कोयला निकालते समय करंट से झुलसा, अपोलो हुआ रेफर



**कोरबा।** दीपका थाना अंतर्गत बेलटेकरी बसाहट विवेकानंद नगर के पास मालगाड़ी से कोयला निकलते समय आज 23 दिसंबर को सुबह एक युवक झुलस गया। दीपका खदान के गांधीनगर साइडिंग में मालगाड़ी से कोयले की ढुलाई दीगर प्रांतो को की जाती है यह रेलवे लाइन विवेकानंद नगर बेलटेकरी के पास से गुजरती है यहां मालगाड़ी से कोयला परिवहन किया जाता है जिसे लोग मालगाड़ी के ऊपर चढ़कर कोयला निकालते है । यहां आज मालगाड़ी से कोयला निकलते समय झाबर निवासी शिवराज यादव पिता परसराम यादव उम्र 20 साल गंभीर रूप से करेंट की चपेट में आने से झुलस गया। जिसे गंभीर अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका भेजा गया जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सको ने उसे कोरबा रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि कोरबा हॉस्पिटल से शिवराज यादव को गहन चिकित्सा के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

## जगह-जगह लड्डुओं से तौले गए, समर्थकों ने फूल मालाओं से लादा

# मंत्री बनकर पहली बार पहुंचे लखन का ऊर्जाधानी में आतिशी स्वागत



स्वागत करते समर्थक एवं नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन।



कोरबा प्रवास के दौरान रैली में शामिल कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन, पूर्व महापौर श्री लांबा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चावलानी एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधायक लखनलाल देवांगन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। मंत्री पद की शपथ लेने व पद संभालने के बाद लखनलाल देवांगन का शनिवार को प्रथम कोरबा प्रवास हुआ। इस दौरान श्री देवांगन का जगह-जगह समर्थकों द्वारा ढोल-नगाड़ा, आतिशबाजी से स्वागत किया गया।

जिले की सीमा में प्रवेश उपरांत पाली में उनका स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात चैतमा, कटघोरा, छुरी, एनटीपीसी गेट के सामने, दर्री बस स्टैण्ड, निवास क्षेत्र कोहडिया चौक, अप्पू गार्डन के पास, सीएसईबी चौक पर उनका स्वागत हुआ। यहां से श्री देवांगन का काफिला उनके चुनाव कार्यालय पहुंचा जहां जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद टीपी नगर चौक पहुंचे लखनलाल देवांगन का स्वागत किया गया। ट्रांसपोर्ट नगर चौक में जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत उपरांत यहां से खुली गाड़ी में मंत्री श्री देवांगन सवार हुए और शहर की जनता का आभार जताने के लिए रैली प्रारंभ हुई। आभार रैली नगर भ्रमण करते हुए सीतामणी चौक पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों, समर्थकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंत्री श्री देवांगन को जगह-जगह लड्डुओं से तौला गया। समर्थकों ने महामाला व फूल मालाओं से उन्हें लाद दिया।

### चारों विधानसभा का होगा समग्र विकासः लखन

केबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार कोरबा पहुंचे लखनलाल देवांगन ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता और आम जनता का मैं बहुत आभारी हूं। जगह-जगह स्वागत में जिस तरह से जनसैलाब उमड़ रहा है उसके लिए मैरे पास शब्द नहीं है। कोरबा की जनता ने जिस तरह इस बार धनबल को हराकर जनबल का साथ दिया। इससे कोरबा विधानसभा में कमल का फूल खिला। सीएम विष्णूदेव साय ने अपने मंत्रीमंडल का विस्तार किया। मुझे भी इस मंत्रीमंडल में शामिल किया गया। इसके लिए मंत्री लखन ने पीएम, केन्द्रीय गृह मंत्री, सीएम व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार भी जताया। आने वाले दिनों में जो भी विभाग मिलेगा। उसपर बेहतर ढंग से काम किया जाएगा। कोरबा जिले के चारों विधानसभा के समग्र विकास के लिए प्रयास होगा। घोषणा पत्र के कई बिंदू पर सीएम ने स्वीकृति भी दे दी है। किसानों को दो साल का बोनस २५ दिसंबर को दिया जाएगा। प्रधानमंत्री कि योजना को लाभ ज्यादा से ज्यादा प्रदेश के लोगों को मिलेगा।प्रदेश में अब भ्रष्टाचार मुक्त कार्य होंगे। जितने भी घोषणा किए गए थे उसके हर बिंदू का पालन होगा।

### समर्थकों के बोझ झुक गया मंच

नव नियुक्त केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के मंत्री बनने के बाद प्रथम कोरबा प्रवास के दौरान विधान सभा चुनाव कार्यालय में उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान समर्थक श्री देवांगन को लड्डुओं से तोल रहे थे। तभी समर्थकों की भीड़ मंच पर बढ़ने लगी। जिसे देखकर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी ने कार्यकर्ताओं को मंच पर आने से मना किया पर समर्थक नहीं माने और मंच पर समर्थकों की भीड़ बढ़ गई।भीड़ की वजह से मंच का एक हिस्सा नीचे झुक गया । हालाकि इस घटना में किसी को चोट नहीं पहुंची।

### कटघोरा में स्वागत, तौला गया लड्डुओं से



विधानसभा विधायक लखनलाल देवांगन को छत्तीसगढ़ प्रदेश में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद उनके प्रथम नगर आगमन पर कटघोरा भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने शहीद वीर नारायण चौक पर जोरदार स्वागत किया। भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का काफिला पहुंचते ही पटाखे फोड़े और उन्हें फूल मालाओं से तथा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया साथ ही महिला कार्यकर्ताओं में लखनलाल देवांगन की आरती उतारी और कार्यकर्ताओं ने उन्हें लड्डुओं से तौला। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

### पाली में भव्य स्वागत



छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के पश्चात मंत्रिमंडल गठन के बाद प्रथम नगर आगमन पर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल एवं विधायक प्रेमचंद पटेल का पाली नगर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। शिवनगर पाली में भाजपा कार्यालय के समीप मंच पर कैबिनेट मंत्रियों एवं विधायक के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं में गजब का विश्वास और जोश देखने को मिला भव्य आतिशबाजी और ढोल ताशे के साथ प्रथम नगर आगमन पर दोनों कैबिनेट मंत्रियों एवं विधायक जी का फलों से तौल कर स्वागत किया गया।

## गेवरा-पेंड्रारोड रेल कॉरिडोर से प्रभावित ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन, कार्य बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरारोड-पेंड्रारोड रेल कॉरिडोर से प्रभावित ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया जिसकी वजह से रेल कॉरिडोर का कार्य बाधित हो गया। सूचना मिलने पर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणो को समझाइश दी। आखिरकार रेलवे प्रबंधन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ और धरना प्रदर्शन बंद किया गया।

**खास बात**

- रेल वे प्रबंधन के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त



धरना प्रदर्शन करते प्रभावित ग्रामीण।

उल्लेखनीय है कि बताया जा रहा है कि गेवरारोड-पेंड्रारोड पर रेल लाइन निर्माण के लिए रेलवे प्रबंधन ने ग्रामीण व किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया है। इसमें कोरबी पंचायत के कई ग्रामीणों को अब तक मुआवजा का वितरण नहीं किया गया था और काम शुरू कर दिया है। जबकि उनकी जमीन रेलवे लाइन निर्माण की वजह से प्रभावित हो रहा है। किसानों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत रेलवे प्रबंधन और प्रशासन से की थी। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा था। इससे ग्रामीण नाराज थे। समस्या के निराकरण में देरी से नाराज ग्रामीणों ने रेल निर्माण का काम बंद करा दिया था। ग्रामीण कुछ दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। इस पर रेलवे प्रबंधन के अफसरों ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी। प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाईश दी गई। ग्रामीणों की भूमि, खेत और दस्तावेज का अवलोकन किया। ग्रामीणों की मांग जायज मिली। इस पर नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों को निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करने की जानकारी दी गई। तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद रेलवे प्रबंधन ने शुक्रवार से काम शुरू किया है।

## कबाड़ दुकान में रेलवे पुलिस ने मारा छापा, भारी मात्रा में कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कबाड़ दुकान में छापा मारते आरपीएफ जवान।

जिले में कबाड़ का अवैध कारोबार एक बार फिर से शुरु हो गया है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य जमकर किया जा रहा है। उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पहंदा में संचालित हो रहे एक कबाड़ दुकान में रेलवे पुलिस ने छापा मारा। इस कार्रवाई में पुलिस के हाथ चोरी का काफी माल बरामद हुआ। चोरी के समान में रेलवे लाईन के नट बोल्ट पाए गए। बिजली टॉवर के एंगल सहित चैनल की भी बरामदगी हुई है। पूछताछ के दौरान बात सामने आई है कि फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने वाले छोटे-मोटे कबाड़ी अपने माल में चोरी का माल मिलाकर बेच देते हैं। ग्राम पहंदा में संचालित हो रहा कबाड़ दुकान किसी प्रेमलाल चौकसे का है जिसके द्वारा बिना लाईसेंस लिये है कबाड़ दुकान का संचालन किया जा रहा है। पूछताछ के दौरान उसने बताया,कि उरगा थाना से ईजाजत लेकर पिछले सवा महिने से उसके द्वारा कबाड़ दुकान का संचालन किया जा रहा है। कबाड़ दुकान से जिस तरह से रेलवे का सामान बरामद हुआ है उससे एक बात तो साफ है,कि यहां चोरी का माल खपाया जा रहा है। इस दिशा में पुलिस को कार्रवाई करने की जरुरत है ताकी अवैध कार्य पर लगाम लगाया जा सके।

## छात्र की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 20 वर्षीय छात्र सुमित बंजारे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सुमित बंजारे जांजगीर चांपा जिले के इंडसट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट जैजैपुर में मैकेनिकल ट्रेड से पढ़ाई कर रहा था। मौत की खबर मृतक छात्र के दोस्तों ने परिजनों को दी। प्राथमिक चिकित्सा के लिए सुमित को पहले स्थानीय अस्पताल लाया गया था। फिर कोरबा के निजी अस्पताल रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई।

छात्र के पिता शिवकुमार बंजारे ने बताया कि तीन बेटा और एक बेटी है। मृतक सुमित बंजारे दूसरे नम्बर का था। वह दो साल से जांजगीर चांपा जिले के जैजैपुर में आईटीआई की पढ़ाई कर रहा था। 17 दिसंबर को छुट्टी में घर आया था। 18 दिसम्बर को गुरुघासीदास जयंती मनाकर 20 दिसंबर को वह वापस चला गया था। पिता ने बताया कि वो रोजी मजदूरी का काम करता है और मजदूरी करने गया हुआ था। इसी दौरान उसकी बेटी के नम्बर पर फोन आया कि सुमित का एक्सीडेंट हो गया है। इलाज के लिए उसे चांपा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वे अस्पताल पहुंचे तो सुमित की हालत बिगड़ती जा रही थी फिर उसे कोरबा के निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हॉस्टल के टीचर ने बताया कि वो दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ था, जहां बाइक से गिरने पर चोट लगना बताया गया था। पिता का कहना है कि सुमित किस बाइक से गिरा है कोई इसकी जानकारी नहीं दे रहा है। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए कोरबा के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया है। पिता का कहना है कि बेटे के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। बेटे की मौत कैसे हुई इसे लेकर स्पष्ट कारण का पता नहीं चला है। वहीं ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद जांच के लिए जांजगीर चांपा में मामले को भेजा जाएगा।

## स्कूटी और बाइक में भिड़ंत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सडक़ हादसों का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। रफ्तार के कारण आए दिन सडक़ हादसे घटित हो रहे हैं, जिसमें लोगों की अकाल मौत हो रही है। साथ ही गंभीर रूप से घायल लोग अस्पताल दाखिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में उरगा क्षेत्र में भी घटित सडक़ हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं। उरगा थानांतर्गत भैसमा कॉलेज के पास जबरदस्त सडक़ हादसा हुआ। मुख्य मार्ग पर स्कूटी और बाइक के बीच आमने सामने भिडंत हो गई, हादसे में चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे में बाइक सवार युवक की हालत काफी गंभीर बनी हुई है, जिसके सिर पर चोट लगी है। बहरहाल सभी घायलों को उपचार दिया जा रहा है। दुर्घटना के बाद मार्ग पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। जिससे काफी देर तक आवागमन बाधित रहा।



सड़क दुर्घटना में घायल।







